दिन – गुरूवार दिनांक– 27/08/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार इक्कीसवीं सदी के भारत के लिए आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने को पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि खेल विश्वविद्यालयों से लेकर आधुनिक प्रशिक्षण केंद्रों तक, देशभर में ऐसा खेल तंत्र विकसित किया जा रहा है, जिसमें खिलाड़ियों की प्रतिभा को हर स्तर पर सहयोग मिले। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि खेल केवल पदक जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत के निर्माण में देश की खेल प्रतिभा और युवाशक्ति को जोड़ने का अभियान है। उन्होंने कहा कि देश के हर जिले में विश्व के खेल मानचित्र पर अपनी पहचान बनाने की क्षमता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने लाल किले की प्राचीर से पांच से पंद्रह वर्ष की आयु के बच्चों में खेल प्रतिभा खोजने के लिए बड़े प्रतिभा खोज अभियान की घोषणा की थी। उन्होंने इसके लिए सरकार की ओर से हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

प्रधानमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि आज भारत में खेल एक बेहतर करियर और पेशे के रूप में उभर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि खेल केवल चैंपियन बनना ही नहीं सिखाता, बल्कि बेहतर प्रतियोगी बनना भी सिखाता है। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया संवाद केवल खेलों पर चर्चा का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि संवाद का ऐसा मंच है, जहां हर विचार देश के खेल क्षेत्र को नई दिशा दे सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवाओं की शक्ति से निकले ये नए विचार विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की ताकत बनेंगे।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत आज पांच लाख जीविका दीदियों के बीच उनके खाते में कुल छह सौ करोड़ रुपये की सहायता राशि अंतरित की। चार लाख जीविका दीदियों को पहली किस्त के रूप में दस–दस हजार रुपये, जबकि एक लाख जीविका दीदियों को दूसरी किस्त के रूप में बीस–बीस

हजार रुपये दिये गये। कार्यक्रम में दस हजार महिला लाभुकों को जीविका निधि से पचास करोड़ रुपये का ऋण भी वितरित किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने समृद्ध महिला–समृद्ध बिहार अभियान का भी शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नशामुक्त युवा–विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत मद्य निषेध उत्पाद और निबंधन विभाग तथा प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किये गये। इधर, एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने मगध महिला कॉलेज, पटना में साइंस ब्लॉक के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी और छात्राओं से संवाद किया।

———————————————————————————

नेपाल में आई बाढ़ को देखते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज वाल्मीकिनगर गंडक बराज का हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने स्थलीय निरीक्षण कर गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर की स्थिति की समीक्षा भी की। श्री चौधरी ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से बराज और तटबंधों की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। इधर, बाढ़ की आशंका को देखते हुये पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सारण, मुजफ्फरपुर और वैशाली सहित गंडक नदी से सटे जिलों में सतर्कता बढ़ा दी गयी है। जल संसाधन विभाग के अनुसार वाल्मीकिनगर गंडक बराज के जलस्तर में गिरावट दर्ज की गयी, लेकिन देवाघाट क्षेत्र में हुई बारिश के चलते एक बार फिर नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी देखी जा रही है। विभाग के अभियंताओं ने बताया कि आज सुबह नौ बजे बराज से एक लाख चार हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। बराज की स्थिति सामान्य है और आपात निगरानी से संबंधित कोई भी सूचना नहीं है।

———————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता बनी हुयी है। मौसम विभाग ने अगले दो से तीन घंटों के दौरान अरवल, औरंगाबाद, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, मुजफ्फरपुर, खगड़िया, दरभंगा, बेगूसराय, भागलपुर, मधेपुरा, मुंगेर और समस्तीपुर जिले में मेघगर्जन और वज्रपात की संभावना जताई है। इस दौरान तेज हवा चलने की आशंका है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।